केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुंबई संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, MUMBAI REGION

# एक भारत श्रेष्ठ भारत

2020-21

# शालाध्वनि





# संदेश

श्री. एस पी पाटिल
सहायक आयुक्त,
के. वी. स. क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई

अत्यंत हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय,मुंबई,द्वारा सत्र 2020-21 का एक भारत श्रेष्ठ भारत का ई न्यूज़ लेटर प्रकाशित कर रहा है| भारतभूमि श्रेष्ठ तपोभूमि है| यहाँ जन्म लेने की इच्छा देवतागण भी रखते हैं-

गायन्ति देवा: किल गीतकानि धान्यास्तु ये भारतभूमिभागे।
स्वर्गापवर्गास्पदहेतुभूते भवन्ति भूय: पुरुषा: सुरत्वात्॥

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की विविधता को समझने का मंच है| भारत में विविधता के भी विविध रूप हैं और इन विविध रूपों के कोलाज से बनी अद्भुत अतुल्य है भारतीय संस्कृति| अपनी भौगोलिक,भाषिक,खान-पान वेश-भूषा परंपराओं मान्यताओं आदि में भारत एक महाद्वीपीय विशेषता को समेटे है| एक भारत श्रेष्ठ भारत की गतिविधियाँ हमें आत्मगौरव से पूरित करती हैं| इसमें मंच मिलता है युग्मित राज्यों से अपनी मातृभाषा,संस्कृति आदि को साझा करने और अन्य प्रांतों की संस्कृति को सखाभाव से सीखने को |

यह न्यूज़ लेटर एक-भारत श्रेष्ठ भारत की इस सत्र में आयोजित गतिविधियों की एक स्मारिका सा होगा | वर्तमान सत्र कोविड 19- वैश्विक महामारी के कारण अभूतपूर्व रहा, इससे एक भारत श्रेष्ठ भारत की गतिविधियाँ भी प्रभावित हुई| एक राष्ट्र के रूप में प्राचीन काल से भारत प्रतिकूल परिस्थितियों में विश्व को मार्गदर्शन देता रहा है| अपना अस्तित्व बनाए रखा है,सहिष्णुता और सत्य के आत्मसातीकरण ने भारतीय संस्कृति को चिरंतन एवं चिरंजीवी बनाये रखा है-

यूनाँ मिस्र रोमा, सब मिट गए जहां से,
बाकी मगर है अब तक, नामो निशां हमारा
कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी
सदियों रहा है दुश्मन, दौर ए जहां हमारा

न्यूज़लेटर प्रकाशन के अवसर पर क्षे.का.मुंबई संभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी-गण विद्यालयों के प्राचार्य एवं अध्यापकवृन्द , छात्र एवं अभिभावक गण तथा न्यूज लेटर प्रकाशन से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं संपादक मंडल को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ एवं बधाई |

जय हिंद|

एस पी पाटिल
प्रभारी आयुक्त



## सत्र 2020-21 के अंतर्गत मुंबई संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में “एक भारत श्रेष्ठ भारत” के कार्यक्रमों की सूची-

| क्र. | कार्यक्रम | क्र. | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | संदेश | 11. | वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग |
| 2. | टॉकिंग आवर-<br>युग्मित राज्य पर समाचार | 12. | वेबिनार |
| 3. | भाषा संगम | 13. | वैकल्पिक कक्षाएं- भागीदारी राज्य की भाषा सीखने के लिए |
| 4. | प्रतिज्ञा-<br>स्वच्छता /प्लास्टिक के एकल उपयोग / पानी की बचत | 14. | साझेदारी राज्य की लोकप्रिय क्षेत्रीय लोक कथाओं और कविताओं का अनुवाद। |
| 5. | सामुदायिक गायन -ओड़िया गीत | 15. | राज्य परियोजना बुक |
| 6. | निबंध लेखन | 16. | विद्यालय पत्रिका में एक भारत श्रेष्ठ भारत संबंधी लेख |
| 7. | भागीदारी राज्य<br>की भाषा की पहचान और कहावतों का अनुवाद | 17. | कार्यशाला - ओडिया भाषा सीखने के लिए |
| 8. | साहित्य उत्सव-काव्य पाठ, भाषण आदि | 18. | कला एकीकृत शिक्षण परियोजना |
| 9. | सांस्कृतिक गतिविधियाँ- लोक गीत, लोक नृत्य आदि | 19. | एक भारत श्रेष्ठ भारत<br>संभागीय रिपोर्ट |
| 10. | राज्य दिवस समारोह | 20. | संपादकीय टीम |





# टॉकिंग आवर

## युग्मित राज्य पर समाचार

इस गतिविधि के तहत छात्रों को सप्ताह में दो दिन, प्रथम कालांश में ऑनलाइन, ओडिशा का समाचार पढ़ा गया । इस से ओडिशा के नवीनतम समाचारों और दिन-प्रतिदिन की महत्वपूर्ण घटनाओं, मौसम आदि से परिचित होने में छात्रों को मदद मिली । इससे छात्रों का ज्ञानवर्धन भी हुआ |




# भाषा संगम

साप्ताहिक आधार पर सुबह प्रथम कालांश के दौरान ऑनलाइन, भाषा संगम आयोजित किया गया। छात्रों को मूल ओडिया अभिवादन से परिचित कराया गया। इस गतिविधि के तहत प्रत्येक बच्चे को सरल संवादों से परिचित कराया गया |

भाषा संगम का उद्देश्य प्रत्येक कार्यदिवस में उड़िया भाषा को अपनाकर, भाषाई सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है।




"BHASHA SANGAM" marks the unique symphony of languages of our country and is an expression of our shared dreams, hopes and aspirations for one India. Under this Activity the students were exposed to Learning of Odia language.






# PLEDGE



- Pledge on Swachhata



- Pledge on Single use of Plastic




- Pledge on Water Saving

**These activities were conducted class wise with the help of Students knowing Odia Language. Students were identified in each class and were asked to conduct Pledge in Odia Language during Swatchata Pakhwada. The main purpose of these activities were to inculcate awareness about Cleanliness/ Conservation of Nature and Surroundings.**

# सामुदायिक गायन

**Online Community Singing**




सामुदायिक गायन के अंतर्गत छात्रों ने उड़िया भाषा में ऑनलाइन समूह गीत प्रस्तुत किया|

ये गीत सामुदायिक एकता, परोपकार, जीव मात्र की भलाई का संदेश देने वाले थे । ओडिया लोकगीतों की मधुरता, सरसता भाव प्रवणता दार्शनिकता आदि से छात्र परिचित हुए।

## Essay Competition

### In the Language of Partnering State

Essay writing competition among students in the language of the partnering state (Odisha) was taken up in the schools as one of the Online Co-curricular Activities. Essays were assigned into two different categories.

Category I : Classes VI to VIII,

Category II : Classes IX to XII.

The Essays were based on topics with interesting information about historical, religious places, tourist centers, industries, indigenous games, folk songs, folk arts. The informative essays helped students in developing Good Writing Skills, Multi-Linguistic Skills and Research Skills.

### ଓଡିଶାରେ ଖାଦ୍ୟ

ଓଡ଼ିଶା ର ପାରମ୍ପରିକ ରୋଷେଇ ଶତାବ୍ଦୀ ରୁ ଚାଲିଆସୁଛି ।ଓଡିଆ ରୋଷେଇ କମ୍ ତେଲ ବ୍ୟବହାର କରେ ଏବଂ ସ୍ କମ୍ ଦସ୍ଯୁକ୍ତ ଥିବାବେଳେ କମ୍ ମସଲାଯୁକ୍ତ । {ଦୁଇଟି} ଚାଉଳ ହେଉଛି ଏହି ଅଞ୍ଚଳର ମୁଖ୍ୟ ଖାଦ୍ୟ ।{ତିନି} ସୋରିଷ ତେଲ କିଛି ପାତ୍ରରେ ରନ୍ଧନ ମାଧ୍ୟମ ଭାବରେ ବ୍ୟବହୃତ ହୁଏ, କିନ୍ତୁ ମନ୍ଦିରରେ ଘି (ଗା ଗା କ୍ଷୀରରେ ତିଆରି) କୁ ଅଧିକ ପସନ୍ଦ କରାଯାଏ । ପୁରାତନ କାଳରେ ପାରମ୍ପାରିକ ଭାବରେ କଦଳୀ ପତ୍ର କିମ୍ବା ସାଲ ପତ୍ରରେ ତିଆରି ଏକ ବ୍ୟବହାର ଯୋଗ୍ୟ ପ୍ଲେଟରେ ଖାଦ୍ୟ ପରିବେଷଣ କରାଯାଉଥିଲା ।ହିନ୍ଦୁ ଶାସ୍ତ୍ର ଅନୁଯାୟୀ ଖାଦ୍ୟ ରାନ୍ଧିବା କ୍ଷମତା ହେତୁ ଓଡିଆ ରୋଷେଇକାରୀମାନେ ବିଶେଷ ଭାବରେ ପୁରୀ ଅଞ୍ଚଳରୁ



# भागीदारी राज्य

## की भाषा की पहचान और कहावतों का अनुवाद

इसके अंतर्गत छात्रों ने ओडिया शब्दों और कहावतों का अभ्यास किया। इससे उन्हें ओडिया भाषा के उच्चारण, भाव, अभिव्यक्ति कला सीखने में मदद मिली।

इस अनोखी पहल से छात्रों के शब्दकोश में भी सुधार हुआ।








छात्रों द्वारा कहावतों का अनुवाद

# LITERARY FEST




All the Schools of Mumbai Region conducted Literary Fest Online which usually features a variety of presentations and readings in Odia Language. The Events mainly included-

- **Odia Poem**
- **Songs**
- **Speeches**
- **Debate**
- **Shlokas etc.**



POEM WRITTEN IN ODIA LANGUAGE

The competitions were conducted at School level, Cluster level and then at Regional level. This activity was conducted with the help of English and Hindi departments of the Vidyalayas. This event helped in building effective linguistic aptitude and creative skills in the students.

# सांस्कृतिक गतिविधियाँ-

## लोक गीत, लोक नृत्य आदि





छऊ नृत्य, आदिवासी और लोक परंपराओं के साथ एक अर्धशास्त्रीय भारतीय नृत्य है, जो ओडिशा के आदिवासी समुदाय द्वारा मयूरभंज के सीमावर्ती जिलों में किया जाता है।

वार्षिकोत्सव के दौरान ओडिया लोक नृत्य और लोक गीत भी प्रस्तुत किए गए। यह गतिविधि सभी विद्यालयो द्वारा की गई । इसके अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं में छात्र छात्राओं को छऊ नृत्य पर एक छोटा सा वीडियो बनाकर अपनी कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया |

## State Day Celebration:-




State Day Celebration of the Partnering state was undertaken to create awareness among students.

This helped in developing the sense of duty & respect among the students. Students were asked to prepare posters based on Odisha State.

Students will also get the chance to learn about the cultural activities of partnering States and showcase their talent. It will foster community familiarization.

# VIDEO CONFERENCING

## With Students of Partnering State













### Kendriya Viyalaya Ponda, Goa, Mumbai Region And Kendriya Vidyalaya No. 1 Cuttack, Odisha

A new activity of Video Conferencing was introduced in this Pandemic year 2020. Under this activity every school of the region got an opportunity of conducting Video Meeting with one of the school from Odisha.

This was very interesting activity which gave students a chance to interact with the students of Odisha.


Through Video conferencing students not only shared the culture and language of the partnering state but also experienced the cultural and traditional richness of both Odisha and Maharashtra.

# वेबिनार

## भागीदारी राज्य की संस्कृति, इतिहास और परंपरा पर चर्चा

मुंबई संभाग के सभी स्कूलों में ओडिशा की संस्कृति, इतिहास और परंपरा पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया | इस वेबिनार में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने भाग लिया |

इस वेबिनार में महाराष्ट्र और उड़ीसा के भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य एवं वर्तमान स्थिति को पावर पॉइंट के द्वारा समझाया गया |







# Optional classes

## Learning the Language of Partnering State


This year as all the activities were conducted Online, so a five days workshop for optional classes on Odia language was conducted from 04.01.2021 to 08.01.2021. The students were exposed to the Oriya alphabets, 100 sentences, songs, proverbs etc.

The students learnt pronunciation of different words in Odia language and framing of small sentences and their meanings. The Activity helped in developing the Linguistic capacity of students.

## Translation of popular regional Folk tales and poems of the partnering state.

**A simple activity of translation of popular folk tales and poems of the partnering state was undertaken in which Odiya Student was asked to prepare a folk tale along with its translation.**


**Student presented the folk tale and its translation in the online class specially conducted for this purpose. Students enjoyed listening to the stories and learnt moral values through them.**



# राज्य परियोजना बुक

मुंबई संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालय के कक्षा दसवीं तक के छात्रों को भागीदारी राज्य 'ओडिशा ' पर एक परियोजना नोटबुक तैयार समानुदेशित कार्य दिया गया जिसमें भागीदारी राज्य, के ऐतिहासिक, धार्मिक स्थानों, पर्यटन केन्द्रों, उद्योगों, स्वदेशी खेलों, लोकगीतों, लोक कलाओं के बारे में महत्वपूर्ण और दिलचस्प जानकारी संकलित कर परियोजना निर्माण करना था।







* ओडिशा की सभ्यता

-अन्लिया मरिया जोस
-9 A

ओडिशा के प्रारंभिक इतिहास का उल्लेख महाभारत, महा गोविंद सुत्त और कुछ पुराणों जैसे प्राचीन ग्रंथों में पाए गए है। 261 ईसा पूर्व में, अशोक के मौर्य वश खुनी में क्षेत्र पर विजय प्राप्त की कलिंग युद्ध जो वर्तमान मे भुवनेश्वर के पास नदी दया के बैंकों में लड़ा गया था। परिणामस्वरूप रक्तपात और युद्ध की पीड़ा ने अशोक को प्रभावित किया। वह शांतिवादी बन गया और बौद्ध धर्म में परिवर्तित हो गए। उन्होंने विभिन्न पड़ोसी देशो मे शांती दूत भेजे। इस प्रकार एक अप्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, इस घटना के कारण एशिया में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ।

ओडिशा की सभ्यता को चार भागों मे बाटा जा सकता है:-
- आदियुग- आदियुग मे सरलापूर्व साहित्य भी अंतर्भुक्त




* ओडिसा साहित्य एवं कवि तथा लेखक

-अन्लिया मरिया जोस
-9 A

ओडिया भाषा के प्रथम महान कवि थे सारला दास, जिन्होंने देवी दुर्गा की स्तुति में चंडी पुराण और विलंका रामायण की रचना की थी। अर्जुन दास की पहली दीर्घ कविता थी राम-विवाह की। प्रारंभिक काल के बाद से लगभग १७०० तक के समय को ओडिशा साहित्य मे पंचसखा युग के नाम से जाना जाता है। इस युग का प्रारंभ श्री चैतन्य के वैष्णव धर्म के प्रचार से हुआ।

१५०० ईसवी तक ओडिया साहित्य में धर्म, देव-देवी के चित्रण ही मुख्य ध्येय हुआ करता था और साहित्य सम्पूर्ण रूप से काव्य पर ही आधारित था। ओडिया भाषा के प्रथम महान कवि झखड के सरला दास रहें, जिन्हें ओडिशा राज्य के व्यास के रूप




* नृत्यकला, संगीतकला एवं चित्रकला

-अन्लिया मरिया जोस
-9 A

ओडिसा में कई सारे लोक नृत्य है, उन मे से प्रमुख है :-

1. ओडिसी - ओडिसी नृत्य विशेष रूप से अपने आप में इतिहास मे कई शैलियों के विलय को प्रदर्शित करती है।
   ओडिसी भारत के आठ शास्त्रीय नृत्य रूपो में से एक है।
2. घुमरा - यह ओडिसा का सबसे लोकप्रिय नृत्य है। इसकी उत्पत्ति राज्य के ओडिसा, कालाहांडी जिले से हुई है।
3. कर्म - कर्म ओडिसा का लोक नृत्य देवता या भाग्य की देवता की पुजा के दौरान किया जाता है।

ओडिसा अपने कलाकृति के लिए भी प्रसिद्ध है। पुरी में जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज मंदिर, मुक्तेश्वर राजारानी और अनेक मंदिर अपने पत्थर की




* ओडिसा के मंदिर एवं पर्यटन स्थल

-अन्लिया मरिया जोस
-9 A

ओडिसा मे आठवी सदी से तेरहवी सदी के मध्य तक बने मंदिर भारतीय आर्य वस्तुकला के आरंभिक रूप की झलक प्रस्तुत करते हैं। भुवनेश्वर मे अनेक मंदिरों का निर्माण हुआ, जिससे इसे मंदिरों का शहर नाम दिया गया। इनमें सबसे विलक्षण शिव को समर्पित लिंगराज मंदिर है। गर्भगृह के ऊपर बने विशाल शिखर का परवलयिक वक्र इस शैली की विशिष्ट उदाहरण है।

यह मंदिर चार कक्षो की श्रृंखला के रूप मे पूजा अर्चना, नृत्य, सभा और गर्भगृह के लिए बनाया जाता है।

भुवनेश्वर मे एक अपेक्षाकृत छोटा किंतु अत्यंत सुंदर मुक्तेश्वर मंदिर है। इसे प्रायः ओडिसा की वास्तुकला का रत्न कहा जाता है। इस मंदिर का महत्त्व केवल इसके सौंदर्य और वास्तुकला की



* ओडिया भाषा की बोलियाँ

-अन्लिया मरिया जोस
-9A

ओडिया भाषा की निम्नलिखित प्रमुख बोलियाँ है :-

1. मिदनापुरी ओड़िया - पश्चिम बंगाल के मिदनापुर क्षेत्र में बोली जानी वाली।
2. सिंहभूम ओडिया - झारखंड के पूर्वी, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिलों मे बोली जाने वाली।
3. बालेश्वरी ओडिया - बालेश्वर, भद्रक एवं मयूरभंज जिलों मे बोली जाने वाली।
4. गंजामी ओड़िया - ओडिशा के गंजाम एवं गजपति में आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलाम् जिले मे बोली जाने वाली।

# विद्यालय पत्रिका

स्कूलों ने हेड क्वार्टर द्वारा भेजी गई गतिविधियों की सूची के अनुसार प्रति माह अलग अलग गतिविधियाँ आयोजित की, और फोटो साक्ष्य के साथ सभी गतिविधियों को प्रकाशित किया। छात्रों द्वारा लिखी गई कविताएँ और लेख, भाषा संगम आदि के लिए बनाए गए पोस्टर को भी विद्यालय पत्रिका में प्रकाशित किया गया।


Ministry of Human Resource Development
Government of India

my GOV मेरी सरकार

EK BHARAT
SHRESHTHA BHARAT

एक भारत श्रेष्ठ भारत -2020


भारत सरकार द्वारा संचालित इस **एक भारत श्रेष्ठ भारत** अभियान का प्रमुख उद्देश्य सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक एवं भावनात्मक संपर्कों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम एकता का एक महत्वपूर्ण कारक बनेगा। यह अभियान देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को उजागर करने में मदद करेगा, साथ ही साथ देश की लुप्त होती संस्कृति भी निखारी जा सकेगी। केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रतिवर्ष " **एक भारत श्रेष्ठ भारत** " कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित करता है।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत** कार्यक्रम जहां एक ओर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने का प्रयास करता है वही दूसरी ओर बच्चों को अलग अलग राज्यों और देशों से संबन्धित जानकारी देकर उन्हें अनेकता में एकता के भाव से परिचित भी कराता है | एक भारत श्रेष्ठ भारत के द्वारा विद्यार्थी साथ मिल कर कार्य करते हुये आपसी समायोजन की शिक्षा प्राप्त करते हैं 'जो कि सबसे बड़ा जीवन-कौशल है | इसके अलावा विद्यार्थी भारतीय संस्कृति और उसके महत्व को समझने में भी सफल होते हैं |

इस वर्ष कोविड-19 की स्थिति के कारण इन सभी कार्यक्रमों को **ऑनलाइन** पद्धति से आयोजित कराया गया | इसके अंतर्गत जोड़ी राज्य की भाषा, संस्कृति, इतिहास, भूगोल इत्यादि पर विद्यार्थियो को जानकारी खोज कर आपस में आदान प्रदान करनी होती है | इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न गतिविधियों की मासिक सूची केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी गयी थी और उसी अनुसार इस कार्यक्रम को किया गया | इस वर्ष मुंबई संभाग का जोड़ी राज्य **ओडिशा** हैं।

39

**विद्यालय पत्रिका**
केंद्रीय विद्यालय आई आई पवई, मुंबई संभाग


Ministry of Human Resource Development
Government of India

my GOV मेरी सरकार

EK BHARAT
SHRESHTHA BHARAT

केन्द्रीय विद्यालय आई. आई. टी. पवई में भी यह कार्यक्रम प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे जोश के साथ सम्पन्न हुआ | उपलब्ध सूची अनुसार सप्ताह में एक दिन उड़िया समाचार का पठन, भाषा संगम तथा क्विज का आयोजन किया गया | माह मे एक बार उड़िया भाषा में स्वछता पर प्रतिज्ञा एवं सामुदायिक गीत भी सम्पन्न हुआ | अक्टूबर माह में ओडिशा के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, राजनीति आदि विषयो पर एक वेबिनार का आयोजन भी किया गया। के वि एस लिट फेस्ट के अंतर्गत अंग्रेजी वादविवाद प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक कराया गया |

दोनों राज्यों के विद्यालयों के विध्यार्थियों का एक वेबिनार संस्कृतिक आदान प्रदान के लिए २३ दिसम्बर २०२० को आयोजित हुआ जिसमें **केन्द्रीय विद्यालय आइ आई टी पवई मुंबई** और **केन्द्रीय विद्यालय खुर्दा रोड ओड़ीशा** के विद्यार्थियो की प्रतिभागिता रही | जनवरी माह में दिनांक ०४/०१ /२०२१ से ०८/०१/२०२१ तक उड़िया भाषा सीखने और सीखने के उद्देश्य से कक्षाओ का आयोजन किया गया | इसमें उड़िया भाषी अभिभावक की सहायता से विद्यार्थियो को उड़िया भाषा से परिचित करवाया गया। विद्यार्थियो ने इस भाषा को जानने और समझने में काफी रुचि दिखाई।

इन सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में विद्यालय के सामाजिक अध्ययन विभाग, अंग्रेजी विभाग, हिन्दी विभाग के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा हैं जिसके बिना सुचारु रूप से आयोजन संभव नहीं था। **श्रीमति ममता भट्टाचार्य, प्राचार्या** एवं **श्री मिथिलेश कुमार सिंह, उप प्राचार्य** इनके सफल नेतृत्व और परामर्श से विद्यालय में ऑनलाइन पद्धति से एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की सभी गतिविधियां सुचारु रूप से सम्पन्न हो सकी।


इस कार्यक्रम की प्रभारी होने के नाते, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना,उन्हें समय समय पर टिप्पणी देना, उनके प्रयासों को सफल बनाने हेतु उन्हें एक सकारात्मक वातावरण देना मेरा प्रयास रहा|


Webinar on Odisha

KENDRIYA VIDYALAYA IIT POWAI,MUMBAI
- Optional Classes for learning of the language (ODIA) of partnering state - ODISHA
- From:- 04.01.2021- 08.01.2021 (05 Days)
- Time:- 3.00 - 3.30PM


सीमा मिश्र
स्नातकोत्तर शिक्षिका (अर्थशास्त्र)
EBSB In-charge

39




हर साल की तरह इस वर्ष 2020-21 में भी मुंबई क्षेत्र के सभी स्कूलों ने अपने विद्यालय पत्रिकाओं में, रचनात्मकता और संपादकीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए उड़िया भाषा में कविताएं और लेख प्रकाशित किया |



# WORKSHOP TO LEARN ODIA ALPHABETS








A five day workshop was conducted from 4/01/21 to 8/01/21 for learning ODIA Alphabets by an Odia teacher in online mode. Lot of students participated enthusiastically in this workshop and learnt many formations and pronunciations of Odia Alphabets.







ART INTEGRATED PROJECT

TOPIC : KONARK TEMPLE - ART AND ARCHITECTURE

RESEARCH :-

Konark Sun Temple is believed to have been built in the 13th century CE. The temple was built by the king Narasimhadeva I hailing from the Eastern Ganga dynasty. A UNESCO world heritage site, Konark Sun Temple is famous for its unique architecture. It's geometrical patterns and carved wheels used to serve as sun dials. Moreover, the temple consists of 24 wheels, which symbolically represent 24 hours of the day; so one prahar consists of 3 hours. Lord Surya's chariot is pulled by 7 horses representing seven colours of rainbow or seven days in a week. There are two rows of 12 wheels on each side of Konark Sun Temple, it has all kinds of symmetry, be it a point, or line or mirror symmetry.

References for this project are taken by :-

- Wikipedia & other internet websites.

Project done by :-
Name - Srishti Kumar
Class - 9th 'A'
Roll no. - 22
School - [illegible] umbai.

## ART INTEGRATED LEARNING PROJECT

**Under this Activity all Schools to have Art-Integrated curriculum, mandatory projects on 'Ek Bharat Shrestha Bharat'**

One project work, students will have to work on an art form of the Pairing State- Odisha.

# “एक भारत श्रेष्ठ भारत”
# संभागीय रिपोर्ट

**भारत** सरकार द्वारा संचालित इस **एक भारत श्रेष्ठ भारत** अभियान का प्रमुख उद्देश्य सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक एवं भावनात्मक संपर्कों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम एकता का एक महत्वपूर्ण कारक बनेगा। यह अभियान देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को उजागर करने में मदद करेगा, साथ ही साथ इसके माध्यम से देश की सामासिक संस्कृति भी निखारी जा सकेगी। केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रतिवर्ष “ **एक भारत श्रेष्ठ भारत** “ कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित करता है|

**एक भारत श्रेष्ठ भारत** कार्यक्रम जहां एक ओर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने का प्रयास करता है वही दूसरी ओर बच्चों को अलग अलग राज्यों से संबंधित जानकारी देकर उन्हें अनेकता में एकता के भाव से परिचित भी कराता है | एक भारत श्रेष्ठ भारत के द्वारा विद्यार्थी साथ मिल कर कार्य करते हुये आपसी समायोजन की शिक्षा प्राप्त करते हैं जो कि सबसे बड़ा जीवन-कौशल है |

इस वर्ष कोविड-19 की स्थिति के कारण इन सभी कार्यक्रमों को **ऑनलाइन** पद्धति से आयोजित किया गया | इसके अंतर्गत जोड़ी राज्य की भाषा, संस्कृति, इतिहास, भूगोल इत्यादि पर विद्यार्थियो को जानकारी खोज कर और संकलित कर आपस में आदान प्रदान किया |

इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न गतिविधियों की मासिक सूची केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी गयी थी और उसी अनुसार इस कार्यक्रम को संपादित किया गया | इस वर्ष मुंबई संभाग का जोड़ी राज्य **ओडिशा** है। | उपलब्ध सूची अनुसार सप्ताह में एक दिन उड़िया समाचार का पठन, भाषा संगम तथा क्विज का आयोजन किया गया | माह मे एक बार उड़िया भाषा में स्वछता पर प्रतिज्ञा एवं सामुदायिक गीत भी सम्पन्न हुआ | अक्टूबर माह में ओडिशा के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, राजनीति आदि विषयो पर एक वेबिनार का आयोजन भी किया गया।

के. वि. स. लिट फेस्ट के अंतर्गत वादविवाद प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक कराया गया |

दोनों राज्यों के विद्यालयों के विद्यार्थियों का एक वेबिनार 23 दिसम्बर 2020 को आयोजित हुआ जिसमें मुंबई संभाग के विभिन्न विद्यालयों के अनेक छात्रों ने भाग लिया | जनवरी माह में उड़िया भाषा सीखने और सिखाने के उद्देश्य से कक्षाओ का आयोजन किया गया । इसमें उड़िया भाषी अभिभावकों की सहायता से विद्यार्थियो को उड़िया भाषा से परिचित करवाया गया। वर्ष पर्यंत चली एक भारत श्रेष्ठ भारत की गतिविधियों ने पश्चिमी तट पर स्थित विकसित महाराष्ट्र और पूर्वी तट पर स्थित उड़ीसा, उत्कल जिसे प्राचीन काल में कलिंग के नाम से जाना जाता है को समझने और जानने में सहायता में मिली|











# OUR TEAM

**Patron**

**Shri. S P Patil**
**[Incharge Deputy Commisioner], Assistant Commissioner, KVS RO Mumbai**

**Editorial Committee**

**Shri. R K Lale**
**Assistant Commissioner, KVS RO Mumbai**

**Smt. Mamata Bhattacharya**
**Principal KV IIT Powai**

**Smt. Seema Mishra**
**PGT Economics, KV IIT Powai**

**Graphics and Designing**

**Smt. B Lavanya**
**TGT Art, KV IIT Powai**